## पितरों की शांति के लिए पितृ पक्ष में कर रहे पूर्वजों का तर्पण


# पूर्वजों के आशीर्वाद से बनी रहती है सुख-शांति



**नवभारत, जबलपुर।** पितृ पक्ष में सभी घर और परिवार के सदस्यों द्वारा अपने पूर्वजों को जल देकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पितरों का तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं। साथ ही कहा जाता है कि पितरों के आशीर्वाद से व्यक्ति के काम तो बनते हैं साथ ही परिवार में सुख शांति भी बनी रहती है। इसलिए पितृ पक्ष में पूर्वजों का श्राद्ध और पिंड दान किया जाता है। ऐसा करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है।

### कुषा घास, आटा, काले तिल के साथ तर्पण

पितृ पक्ष के समय पिंड दान करने के साथ- साथ ही तर्पण भी किया जाता है। तर्पण के लिए लोग कुषा घास, आटा और काले तिल को एक जल में मिलाकर चढ़ाते हैं। साथ ही पितर पक्ष में ब्राह्मण को भोजन भी लोगों द्वारा किया जाता है।



### तिथियों के अनुसार पितरों का श्राद्ध

पितृ पक्ष का दिन अपने पूर्वजों और पितरों के लिए श्राद्ध कर्म करने का महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिन मृत्यु लोक से पूर्वज धरती लोक पर आते हैं। इसलिए पितृपक्ष के दौरान तर्पण और श्राद्ध करने से पितरों का आशीर्वाद बना रहता है। वहीं, पितृ पक्ष में तिथियों के अनुसार पितरों का श्राद्ध करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इसलिए पितरों की शांति के लिए पितृ पक्ष के दिन श्राद्ध कर्म करने के साथ ब्राह्मणों को भोजन भी कराना चाहिए ।

### 21 सितंबर तक रहेगा पितृ पक्ष

पितृ पक्ष 7 सितंबर से शुरू हो गया था जोकि 21 सितंबर तक रहेगा। ब्रह्म पुराण के मुताबिक मनुष्य को पूर्वजों की पूजा करनी चाहिए और उनका तर्पण करना चाहिए। पितरों का ऋण श्राद्ध के जरिए चुकाया जा सकता है। पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितृगण प्रसन्न रहते हैं। पितृपक्ष में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण या पिंडदान किया जाता है।

# भागवत कथा में भगवान बालकृष्ण ने की नटखट लीलाएं

**माखन चोरी, मटकी फोड़ व गोवर्धन पूजा का आयोजन**



**जबलपुर।** पुरानी जगदम्बा कालोनी में चल रही भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं ने सभी भक्तों का मन मोह लिया। बाल रूप में कन्हैया ने ग्वाल बालों के साथ माखन चोरी तथा मटकी फोड़ने की लीला की और भक्तों को माखन का प्रसाद अपने हाथों से वितरित किया। श्री कृष्ण भगवान ने अपने हाथ की उंगली से गोवर्धन पर्वत उठाया समूचा कथा स्थल तालियों की आवाज एवं कन्हैया जी के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्प वर्षा करके श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन भगवान को 56 भोग लगाकर पूजन किया। भागवत महापुराण में व्यासपीठ से प्रसिद्ध कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा कि भक्तों की रक्षा के लिए भगवान इस धरा पर अवतार लेते हैं। भक्तों की रक्षा करते हुए भगवान श्री कृष्ण ने सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत उठाए रखा। भगवान श्री कृष्ण को दिन में आठ बार भोग लगाया जाता है, गोवर्धन पर्वत उठाने के कारण सात दिनों तक भोग नहीं लगाया जा सका, इसलिए बाद में उनको एक साथ छप्पन भोग अर्पित किए गए। भक्ति करके जीव भगवान का सानिध्य प्राप्त कर लेता है। व्यासपीठ एवं देवी देवताओं का पूजन अर्चन पंडित अमित उपाध्याय, संजय उपाध्याय ने संपन्न कराया। स्व. वायके शर्मा की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ का पूजन हनी शर्मा, सरला शर्मा तथा रश्मि शर्मा ने किया। इस दौरान शरद शर्मा, अभय शर्मा, प्रभव, शांतनु, शिवा विश्वकर्मा, शिवम, रिया, प्रिंसी सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

# हिंदी में ही हमारी संस्कृति, अस्मिता और गौरव है छुपा




**जबलपुर।** समस्त विश्व में हिंदी हमारी पहचान है। हिंदी से ही हमारा अस्तित्व है। हिंदी ही यह सरिता है जिसमें हमारी संस्कृति हमारी अस्मिता और हमारा गौरव छुपा हुआ है। उपर्युक्त उद्गार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अरुण कुमार मिच पूर्व आचार्य, शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय के द्वारा व्यक्त किए गए। संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर में हिंदी साहित्य सभा द्वारा हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस के कुशल मागदर्शन एवं नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। हिंदी साहित्य सभा द्वारा 6 से 12 सितम्बर तक हिन्दी सप्ताह आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ की गई। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी विजेता पतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। हिंदी साहित्य सभा के अध्यक्ष डॉ. रामेद्र प्रसाद ओझा ने कहा कि हिंदी हमारे अस्तित्व की प्रतीक है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रीना बॉमस, डॉ. कैरोलिन सैनी, डॉ. अभिलाषा शुक्ला, डॉ. विधाम पटेल, डॉ. नीलांजना पाठक, डॉ. तुहिना जौहरी, डॉ. रोशन सोधिया, डॉ. मुषमा पिल्ले एवं मुची ग्रेसी चार्ल्स का योगदान रहा।।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम हेतु मोर्चों की बैठकें सम्पन्न

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर की उपस्थिति में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ की बैठक भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई। इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, युवाओं मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपा राव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय यादव के साथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय मोगली उत्सव में होंगे शामिल

**जिला स्तरीय मोगली बाल उत्सव परीक्षा में विद्यार्थियों ने की सहभागिता**



**नवभारत, जबलपुर।** जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने बताया कि जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने एवं प्रकृति के प्रति प्रेम,लगाव, जागरूकता, उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश अनुसार जिले के विकासखंडों से चयनित शासकीय स्कूलों के कनिष्ठ वर्ग अंतर्गत कक्षा 5 से 8 के 18 विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ वर्ग कक्षा 9 से 12 तक के 13 विद्यार्थियों ने 13 सितंबर 2025 को पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल में आयोजित जिला स्तर की मोगली बाल उत्सव परीक्षा में सहभागिता की। जिला स्तर से चयनित छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव परीक्षा में सहभागिता करेंगे जिसका आयोजन 27 से 29 अक्टूबर 2025 तक पेंच अभ्यारण सिवनी में किया जाएगा, जिसमें जंगल में ही मोगली मित्रों के लिए ट्रैकिंग, सफारी, क्विज, फिल्म, सांस्कृतिक कार्यक्रम कई रोचक खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय मोगली बाल उत्सव परीक्षा के सफल आयोजन में प्राचार्य उपमा गुप्ता, एपीसी राजेश तिवारी, बीएसी अजय रजक, कार्यक्रम प्रभारी अंजना राणा, सीमा मिश्रा, रिचा व्यास, शिवांश तिवारी, सहित सभी बीएसी, जनशिक्षकों, शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर में



### नवरात्र पर्व पर होंगे विविध धार्मिक आयोजन

**जबलपुर।** श्री दुर्गा हनुमान मंदिर सरस्वती कॉलोनी चेरीताल स्थित मंदिर प्रांगण में पं.वासुदेव शास्त्री के सानिध्य में एक बैठक सम्पन्न हुई,जिसमें शारदेय नवरात्रि पर्व पर नौ दिवसीय विविध कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। तद्नुसार 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रात: एवं सायं श्रृंगार आरती दर्शन भजन संकीर्तन प्रात: प्रभात फेरी सहित नवमीं तिथि पर हवन पूर्णाहुति कन्या भोज, महाप्रसाद वितरण (भंडारा) के साथ भव्य आयोजन होंगे। बैठक में समिति अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार नेमा ,पं. वीरेंद्र दुबे,राजेश शर्मा,राजेंद्र तिवारी,राजीव दुबे,नवीन नेमा,सुनील ताम्रकार,प्रशांत गुप्ता,विकास चौहान,अरविंद तिवारी,संदीप नेमा,नितिन दुबे,अंकित बहरे,आशीष नेमा,संजय शर्मा. आदि अनेक सदस्य गण उपस्थित रहे।



### जबलपुर में शताब्दी यात्रा का स्वागत कल

**नवभारत,जबलपुर।** आक्रांताओं के जुल्म से सनातन संस्कृति गौ, गरीब और हिंदू धर्म की रक्षार्थ अपने प्राणों का महान बलिदान देने वाले सिक्ख धर्म के नवमें गुरू श्री गुरू तेगबहादुर साहिब का 350 वां शताब्दी शहीदी दिवस समारोह आगामी 25 नवंबर को देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बड़े गर्व के साथ वृहद रूप में मना जाएगा। इसी संबंध में गुवाहाटी, असम से 21 अगस्त को एक राष्ट्रीय शताब्दी यात्रा (नगर, कीर्तन, जुलूस ) शुरू हुई है। ये यात्रा देश के 23 राज्यों से होते हुए 15 सितंबर की शाम 7 बजे जबलपुर पहुंच रही है। इस यात्रा का समापन 23 नवंबर को आनंदपुर साहिब पंजाब में होगा। ये सारी जानकारी जबलपुर सिक्ख संगत के अध्यक्ष हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, दलवीर सिंह जस्सल सहित अन्य पदाधिकारियों ने दी है। साथ ही उनके द्वारा ये बताया गया कि इस शताब्दी यात्रा को लेकर जबलपुर के सिक्ख समाज के हर वर्ग के लोगों में खासा उत्साह भी है। 15 सितंबर की शाम 7 बजे भेड़ाघाट रिंग रोड के पास सिक्ख समाज न अन्य समाजों द्वारा शताब्दी यात्रा का भव्य स्वागत भी किया जाएगा।

### ब्रजेश ठाकुर निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय जबलपुर एवं जिला जबलपुर की सभी तहसीलों में कार्यरत तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की सोसायटी में हुए चुनाव में श्री बृजेश ठाकुर को अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित किया गया। अम्बेडकर चौराहा / तहसील चौक में स्थित सोसायटी कार्यालय में निर्वाचन अधिकारी राजेश कुधोलिया द्वारा सम्पन्न कराए गए, निर्वाचन में बृजेश ठाकुर को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। इसी के साथ अन्य पदों के लिए सम्पन्न निर्वाचन में विनीता झारिया एवं विवेक भट्ट को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सोसायटी के अन्य पदों में संस्था प्रतिनिधि के लिए दीपक भारती, विनीत मिश्रा एवं राजेन्द्र श्रीवास्तव निर्वाचित किए गए। उपरोक्त निर्वाचन में सोसायटी सदस्यों राजेश गुर्जर, अमित नामदेव, नवीन रजक, आकांक्षा बबेले एवं रमाशंकर मिश्रा प्रस्तावकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न कराने में पंडित योगेन्द्र दुबे,संतोष श्रीवास्तव, सुधीर खरे, यू.एस. करोसिया, सूर्यभान अहिरवार एवं नन्दलाल झारिया का विशेष सहयोग रहा।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर होगी चित्रकला प्रतियोगिता

**भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया स्थल का निरीक्षण**



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतमय में युवाओं, छात्र छात्राओं के लिए दो दिवसीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 17 एवं 18 सितंबर को किया गया है। शासकीय ललित कला महाविद्यालय, जबलपुर के सहयोग से आयोजित होने वाली इस दो दिवसीय प्रतियोगिता की तैयारियों का निरीक्षण भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, कार्यक्रम संयोजक संदीप जैन ने किया। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा संगठन द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन के तहत विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, पौधारोपण, मैराथन दौड़, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, स्वच्छता अभियान के साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। चित्रकला प्रतियोगिता की तैयारी के लिए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। निरिक्षण में शासकीय ललित कला महाविद्यालय महाविद्यालय के प्रभारी डॉ मनीष कोष्टा, नरेन्द्र वर्मा, शमशुल हसन खान , राहुल दुबे, आदि उपस्थित थे।

**मिलिए महावीर से कार्यक्रम**

# क्षमा सभी धर्मों का वास्तविक दर्शन है



**नवभारत, जबलपुर।** सुप्रभातम एवं गुंजन कला सदन के संयुक्त तत्वावधान में क्षमावाणी पर्व के उपलक्ष में %मिलिए प्रभु महावीर से% कार्यक्रम का आयोजन शहीद स्मारक सभागार में किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में आदि शंकराचार्य, भगवान महावीर एवं गुरुनानक देव के विग्रह मंच पर रखे गए थे। संयोजक अभय जैन ने क्षमावाणी पर्व के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की वर्षा बहन ने कहा की क्षमा आत्मा का धर्म है। संयोजक आलोक पाठक ने कहा कि क्षमा सभी धर्मों का वास्तविक दर्शन है यह मानवीय जीवन की आधारशिला है। विधायक डॉ.अभिलाष पांडे एवं ज्ञान गंगा कॉलेज के डायरेक्टर पंकज गोयल ने क्षमा को जीवन के लिए मंगलकारी बताया।अपनी डांस फैमिली के कलाकार दीप्ति, शैलजा, अपर्णा ने गणेश वंदना के माध्यम से सबको मोहित कर दिया । वरिष्ठ कलाकार रवि शुक्ला, श्रीमती भावना जैन, सुब्रत पात्रा ने भजन प्रस्तुत किए। संचालन राजेश पाठक प्रवीण, भावना जैन एवं आलोक पाठक द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन डॉ. आनंद तिवारी जादूगर निगम, संदीप जैन, अनिल जैन, कैलाश चंद्र जैन आदि ने किया। इस अवसर पर ज्योति प्रकाश अवस्थी,हरविन्दरसिंह सलूजा, अजीत नायक, रवि चौधरी आदि उपस्थित थे।



### स्वर्णा ने हासिल किया पीएससी परीक्षा में 9 वां स्थान

**जबलपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक जबलपुर की 2015- 16 बैच की छात्रा स्वर्णा दीवान ने मध्य प्रदेश पीएससी परीक्षा में 9वां स्थान प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई है। यह उपलब्धि विद्यालय परिवार शारदा बाल कल्याण समिति पूर्व छात्र और वर्तमान छात्रों के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एड जिनेन्द्र जैन, सचिव डॉ नीलेश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष डॉ बृजेश अरजरिया, प्राचार्या श्रीमती शुभांगी नाईक ने बधाई दी हैं।

**दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन**


# छात्र-छात्राओं ने किया 29 शोध पत्रों का वचन



**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी, भारतीय ज्ञान परंपरा का सतत् विकास एवं लक्ष्य को प्राप्त करने का मार्ग का समापन किया गया। समापन अवसर पर कुलगुरु प्रो. विनोद कुमार मिश्रा, अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय सागर, विशिष्ट अतिथि प्रो. एसएस संधू, डायरेक्टर, बायो डिजाइन इन्नोवेशन सेंटर रादुविवि, महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब, रजिस्ट्रार डॉ. सत्येन्द्र कुररिया, गुरु गोबिन्द सिंह एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह बंसल, संगोष्ठी समन्वयक डॉ. महेन्द्र कुमार जैन, डॉ. महिमा त्रिपाठी एवं संगोष्ठी सचिव डॉ. श्रुति पुंज ने संयुक्त रूप से उपस्थित थे। कुलगुरु प्रो. विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारे हिन्दू दर्षन के द्वारा प्राचीनतम विकास के साथ-साथ नवीनतम ज्ञान को जोड़कर उसे नए अर्थ में आत्मसात करने का विकल्प बताया। प्रो. एसएस संधू ने सर्वप्रथम संगोष्ठी की सफलता की शुभकामनाएं दीं एवं महाविद्यालय की उन्नति की कामना की। बैंक के प्रबंधक शुभय सिंह सोलंकी ने भी राष्ट्रीय संगोष्ठी की सफलता के लिए हर्ष व्यक्त किया। सभी सत्रों में लगभग 29 शोध पत्रों का वचन विभिन्न विश्वविद्यालयों महाविद्यालयों से उपस्थित प्राध्यापकों शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं ने किया। विभिन्न महाविद्यालयों से उपस्थित प्राध्यापकगणों, शोधार्थियों और छात्र-छात्राओं को संगोष्ठी हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगणों एवं समस्त कार्यालय स्टाफ ने विषेष सहयोग प्रदान किया।

## अभियान: सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन

# छात्राओं को दी यातायात नियमों का पालन करने समझाइश



**नवभारत, जबलपुर।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एमएलबी स्कूल में किया गया। इस अवसर पर स्कूल की लगभग पाँच सौ छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन करने हेतु समझाइश दी गई। साथ ही बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के कारणों एवं उन्हें कम करने के उपायों की जानकारी भी प्रदान की। अंत में उपस्थित सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष कुमार शुक्ला, शाला प्राचार्य प्रज्ञा मिश्रा, सूबेदार रोहित तिवारी, सूबेदार राहुल सिंह तथा यातायात मालवीय चौक थाने का ट्रैफिक स्टाफ उपस्थित रहा।

### रिलायंस स्मार्ट बाजार में जागरूकता अभियान




साथ ही गढ़ा यातायात डीएसपी बैजनाथ प्रजापत्ति एवं यातायात स्टॉफ द्वारा रिलायंस स्मार्ट बाजार महानद्दा में कार्यरत स्टाफ को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईश दी गई। इसके अलावा भारतीय मानव अधिकार सहकारी ट्रस्ट समिति जबलपुर के साथ यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकत अभियान कांचघर चौक घमापुर में चलाया गया। जिसमें हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को सम्मानित किया गया एवं बिना हेलमेट चालकों को समझाईश दी गई।



# रेलवे स्टेशन में महिला यात्रियों के लिए बनाया स्तनपान कक्ष

**नवभारत,जबलपुर।** इनर व्हील क्लब जबलपुर साउथ ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1 नम: परिसर में महिला यात्रियों के लिए एक स्तनपान कक्ष की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य महिला यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है, जहां वे अपने बच्चों को स्तनपान करा सकें। डिस्ट्रिक्ट 326 कि चेयरमैन मधुस्मिता त्रिपाठी ने इस स्तनपान कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीडीसी राज रूपराह, पीडीसी मनीषा श्रीवास्तव, आईएसओ प्रज्ञा मोहले , क्लब प्रेसिडेंट मधु अग्रवाल, सेक्रेटरी इति गुप्ता, शशि, बंटी ,नंदनी , तरुणा ,दिव्या, शालिनी, रजनी ,श्रद्धा ,रचना , शिल्पा ,मनीषा आदि सदस्यों की उपस्थिति थी ।